भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2148

उत्तर देने की तारीख 04 मार्च, 2020 (बुधवार)

14 फाल्गुन, 1941 (शक)

प्रश्न

उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना

2148. श्री नारणभाई काछड़िया:
श्रीमती गीताबेन वी.राठवाः
श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री शान्तनु ठाकुरः
श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः
श्री निशीथ प्रामाणिकः

क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस) के अंतर्गत कार्य प्रगति पर है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) एनईएसआईडीएस के अंतर्गत कार्य की प्रगति का ब्यौरा क्या है तथा सरकार की मंशा क्या है;

(घ) वास्तविक अवसंरचना परियोजना के अंतर्गत जल आपूर्ति, विद्युत और संपर्क सुविधा के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ङ) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रावधान किए गए हैं; और

(च) शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (च) उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) का विस्तृत उद्देश्य जलापूर्ति, विद्युत एवं पर्यटन के संवर्धन के लिए संपर्कता से संबंधित भौतिक

अवसंरचना की परियोजनाओं तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्रों में अवसंरचना के निर्माण के लिए सामाजिक क्षेत्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र का केंद्रित विकास सुनिश्चित करना है । एनईएसआईडीएस के तहत 1835.35 करोड़ रूपये लागत की 59 परियोजनाओं को संस्वीकृति दी गई है, जिसमें से 439.19 करोड़ रूपये अब तक जारी कर दिए गए हैं । स्कीम के तहत सभी संस्वीकृत परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं । एनईएसआईडीएस के तहत संस्वीकृत परियोजनाओं का क्षेत्र-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

(करोड़ रूपये में)

क्र. सं.	राज्य	क्षेत्र											
		संपर्कता		विद्युत		जलापूर्ति		शिक्षा		स्वास्थ्य		कुल	
		सं.	लागत	सं.	लागत	सं.	लागत	सं.	लागत	सं.	लागत	सं.	लागत
1.	अरूणाचल प्रदेश	10	216.58	0	0.00	5	121.31	3	36.33	0	0.00	18	374.21
2.	असम	4	344.28	0	0.00	3	90.76	0	0.00	1	22.99	8	458.04
3.	मणिपुर	2	45.80	0	0.00	4	112.97	1	3.09	2	32.97	9	194.83
4.	मेघालय	2	45.46	1	49.80	2	59.55	0	0.00	1	20.00	6	174.81
5.	मिजोरम	2	33.03	1	40.34	1	114.20	0	0.00	0	0.00	4	187.57
6.	नागालैंड	7	153.71	0	0.00	2	24.04	0	0.00	0	0.00	9	177.75
7.	सिक्किम	2	103.31	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00	2	103.31
8.	त्रिपुरा	2	43.95	1	120.88	0	0.00	0	0.00	0	0.00	3	164.83
	कुल	**31**	**986.12**	**3**	**211.02**	**17**	**522.83**	**4**	**39.42**	**4**	**75.96**	**59**	**1835.35**

*****